अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2023

नमूना प्रश्न-पत्र

विषय- हिंदी	कक्षा :- 5
समय- 2:30 घंटे	पूर्णांक :- 70

पढ़ना, पढ़कर समझना और लिखना (गद्य) (Q. 1-9)

1. 'सदाचार' का अर्थ है - (1)

(अ) बुरा व्यवहार (ब) अच्छा व्यवहार

(स) तटस्थ व्यवहार (द) उपरोक्त मे से कोई नहीं

2. भारतीय स्त्रियों मे गुण पाया जाता है - (1)

(अ) ममता (ब) लज्जा

(स) सेवा (द) उपरोक्त सभी

3. मतदान करने की न्यूनतम आयु है- (1)

(अ) 12 वर्ष (ब) 15 वर्ष

(स) 18 वर्ष (द) 21 वर्ष

4. स्वर्णनगरी के नाम से जाना जाता है - (1)

(अ) सलुम्बर (ब) जोधपुर

(स) गंगापुर सिटी (द) जैसलमेर

5. देशी रियासतों का एकीकरण किया था - (1)

(अ) सरदार वल्लभ भाई ने (ब) महात्मा गांधी ने

(स) जवाहरलाल नेहरु (द) सुभाषचन्द्र बोस ने

राजस्थान क्लासेज

डाउनलोड अन्य PDF :- क्लिक करें 👈

उत्तरमाला :- 1 (ब) 2 (द) 3 (स) 4 (द) 5 (अ)

6. बालक अंतिम दिन मजदूरी करने पर विवश क्यों हुआ ? (3)

7. मंत्री को अपनी सूझ-बूझ और चतुराई का क्या लाभ हुआ ? (3)

8. "जैसलमेर को हवेलियों व झरोखों की नगरी भी कहते है" क्यों ? (3)

9. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए- (8)

दोनों भाई घर गए और अपने-अपने घर से भोजन बनवाकर ले आए, महात्मा जी ने उन दोनों को बैठ जाने को कहा, तत्पश्चात उन्होंने भोजन के तीन भाग किए और दोनों भाइयों को भोजन करने का आदेश देकर स्वयं भी भोजन करने लगे| इस प्रकार ऊपर की सब बातचीत तथा भोजनादि मे लगभग 2 घण्टे लग गए| महात्मा जी की समस्त कार्यवाही का उद्देश्य केवल यह था कि दोनों का क्रोध कुछ कम हो जाए, ताकि उन्हें समझाया-बुझाया जा सके और हुआ भी यही| वे दोनों जब भोजन से निवृत हुए, तो काफी शांत थे| उन्होंने महात्मा जी के चरणों मे विनय की- महाराज! यह भूमि को कुछ बोलेगी नहीं, इसलिए आप ही हमारा निर्णय कर दीजिए|

(अ) दोनों भाई अपने घर से क्या लेकर आए ?

(ब) भोजन के कितने भाग किए ?

(स) बातचीत तथा भोजनादि मे कितना समय लगा ?

(द) समस्त कार्यवाही का क्या उद्देश्य था ?

पढ़ना, पढ़कर समझना और लिखना (पद्य) (Q. 10-13)

10. 12 महीनो का होता है - (1)

(अ) एक सप्ताह (ब) एक सदी

(स) एक पखवाड़ा (द) एक वर्ष

डाउनलोड अन्य PDF :- क्लिक करें

11. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए - (3)

(अ) मनभावन सावन आते ही .... छा जाती है| (बेचैनी/हरियाली)

(ब) लोकतंत्र की झांकी ले .... आती है| (26 जनवरी/29 फरवरी)

(स) त्योहारों का देश हमारा, हमको इससे .... है| (प्यार/नफरत)

उत्तरमाला :- (अ) हरियाली, (ब) 26 जनवरी, (स) प्यार

12. निम्नलिखित शब्दों को उनके सामने अर्थ वाले शब्दों से मिलान कीजिए - (6)

खंड- अ	खंड- ब
1. दुनिया	(1) कसम
2. पुरखों	(2) मुश्किल
3. समर	(3) प्राण
4. जान	(4) युद्ध
5. कठिन	(5) पूर्वज
6. सौगंध	(6) संसार

उत्तरमाला :- (1) संसार (2) पूर्वज (3) युद्ध (4) प्राण (5) मुश्किल (6) कसम

13. 'हम भारत के भरत' कविता से हमे क्या प्रेरणा मिलती है ? (3)

राजस्थान क्लासेज

डाउनलोड अन्य PDF :- क्लिक करें

व्यवहारिक व्याकरण (14-17)

14. निम्न मे से किस वाक्य मे परिणामवाचक विशेषण का प्रयोग हुआ है : (1)

(अ) वह बहुत सुन्दर दृश्य था |

(ब) आप तीस दिन से कहाँ थे ?

(स) इस बर्तन मे थोडा दूध और डालो |

(द) यह कुत्ता किस जाति का है ?

उत्तरमाला :- स

15. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखिए - (3)

(i) नौ दो ग्यारह होना (ii) आँख का तारा होना (iii) मन मरना

उत्तरमाला :- (i) भाग जाना (ii) बहुत प्रिय होना (iii) इच्छा को दबाना

16. 'अ' उपसर्ग लगाकर तीन शब्द बनाइए - (3)

उत्तरमाला :- (i) अनाथ (ii) अटल (iii) अमर

17. (अ) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए - (6)

(i) किताब

(ii) लड़का

(iii) बकरी

(ब) 'ता' प्रत्यय लगाकर तीन शब्द बनाइए -

राजस्थान क्लासेज

डाउनलोड अन्य PDF :- क्लिक करें

उत्तरमाला :- अ- (i) किताबें (ii) लडकें/लड़कों (iii) बकरियां

ब- (i) चलता (ii) बहता (iii) डूबता

सृजनात्मक अभिव्यक्ति एवं परिवेशीय सजगता (18-22)

18. निम्नलिखित मे से किसी एक पर कहानी लिखिए - (6)

(i) लालची कुत्ता और रोटी (ii) सूर्य और वायु

19. अपने प्रधानाध्यापक महोदय को आवश्यक कार्यवश अवकाश हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए- (6)

20. वर्ग-पहेली मे वर्णित अक्षरों की सहायता से पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (6)

प	ग	म
ल	शा	ह
क	म	ल

(i) पैर का एक अन्य नाम ....

(ii) एक फूल का नाम ....

(iii) सुबह का विलोम ....

(iv) दु:ख का समानार्थी ....

(v) निवास करने का स्थान ....

(vi) लड़की का नाम ....

उत्तरमाला :- पग, कमल, शाम, गम, महल, पलक

राजस्थान क्लासेज

डाउनलोड अन्य PDF :- क्लिक करें

21. निम्न मे से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए - (6)

(i) जीवन में सदाचार का महत्व (ii) मेरा प्रिय खेल (iii) होली

22. (अ) ट्रैफिक लाईट मे कौन-कौनसे रंग होते है और उनसे क्या संकेत मिलते है ? (8)

(ब) किसी बीमार वृद्ध व्यक्ति की सहायता आप किस प्रकार करेंगे ?

________ *** ________

डाउनलोड अन्य PDF :- क्लिक करें

राजस्थान क्लासेज

राजस्थान 10वीं बोर्ड
सभी विषय
पेपर PDF डाउनलोड

राजस्थान 12वीं बोर्ड
सभी विषय
पेपर PDF डाउनलोड

राजस्थान क्लासेज
Home Page
GK संबंधित PDF डाउनलोड

राजस्थान 8वीं बोर्ड
सभी विषय
पेपर PDF डाउनलोड

YouTube पर
ऑनलाइन क्लासेज भी देखें

राजस्थान 5वीं बोर्ड
सभी विषय
पेपर PDF डाउनलोड

Telegram
चैनल
ज्वॉइन करें

WhatsApp
ग्रुप ज्वॉइन करें